# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

30 जुलाई 2023, रविवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा इंदौर, मध्य प्रदेश में आयोजित बूथ सम्मेलन में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बताता है कि 2023 में विधान सभा चुनाव और 2024 में लोक सभा चुनाव का परिणाम तय है। 2023 में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी और 2024 में भाजपा को 29 में से 29 सीटें मिलेगी।**

********************

**'गरीबी हटाओ' का नारा देकर कांग्रेस पार्टी ने देश में लगभग 5 दशकों से अधिक समय तक शासन किया लेकिन गरीबों के लिए कुछ भी नहीं किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीब कल्याण की दिशा में इतने अधिक काम किये कि वे गरीबों के मसीहा बने हुए हैं।**

********************

**श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने राज्य में लगभग 51 से अधिक गरीब कल्याण की योजनायें शुरू की लेकिन कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने आते ही उन सभी गरीब कल्याण योजनाओं को बंद कर दिया था।**

********************

**कमलनाथ सरकार ने गरीबों के लिए बनी योजनाओं के पैसे बड़े-बड़े कामों के टेंडर निकलवाकर ठेकेदारों से पैसा कमाने के लिए गरीब कल्याण योजनाओं को बंद किया था।**

********************

**कमलनाथ जी मध्य प्रदेश में कोई उद्योग-धंधे तो ला नहीं सके लेकिन हाँ उन्होंने ट्रांसफर इंडस्ट्री जरूर शुरू कर दी। कमलनाथ सरकार ने महज डेढ़ साल के अंदर क्लास वन ऑफिसर के 18 हजार से अधिक ट्रांसफर किये। ट्रांसफर कराने वालों का घर भरने का काम उनकी सरकार में हुआ।**

********************

**मध्य प्रदेश में डेढ़ साल तक कांग्रेस की कमलनाथ सरकार रही। उसने पीएम किसान सम्मान निधि के लिए राज्य से किसान लाभार्थियों के नाम तक नहीं भेजे। शिवराज सिंह चौहान सरकार ने आते ही किसानों के नाम केंद्र को भेजे और आज लगभग 92 लाख किसानों को इसका लाभ मिल रहा है।**

********************

**श्रीमान बंटाधार और करप्शन नाथ मध्य प्रदेश के बजट का आकार केवल 23 हजार करोड़ रुपये छोड़ कर गए थे। वर्ष 2023 मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 3.24 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया है।**

********************

**सर्व शिक्षा अभियान का बजट लगभग 8 गुना बढ़ा है। एससी-एसटी और ओबीसी का बजट लगभग 60 गुना बढ़ा है। पहले यह केवल 1056 करोड़ रुपये था, जो आज बढ़ कर 64,390 करोड़ रुपये हो गया है।**

********************

**मध्य प्रदेश का औद्योगिक विकास दर माइनस में घूमा करती थी और यदि माइनस में कुछ कम हो जाता था तो वे सीना फुलाते थे। आज औद्योगिक विकास दर 24 प्रतिशत है। कृषि विकास दर निगेटिव से बाहर निकलकर 18 प्रतिशत पर पहुंच गया है, जो समग्र देश में सबसे अधिक है।**

********************

**कांग्रेस की सरकार ने एमएसपी पर गेहूं की खरीदी केवल 4 लाख टन और धान की खरीदी महज 95 हजार टन की थी जबकि शिवराज सिंह सरकार ने एमएसपी पर लगभग 70 लाख टन गेहूं और 45 लाख टन धान की खरीदी की जो कांग्रेस सरकार की तुलना में लगभग 46 गुना अधिक है।**

********************

**2004 से 2014 तक कांग्रेस की सरकार ने विभिन्न मदों में मध्य प्रदेश को विकास के लिए महज 2 लाख करोड़ रुपये दिए जबकि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2014 से अब तक प्रदेश को लगभग 7.50 लाख करोड़ रुपये दिया है।**

********************

**भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं के परिश्रम के बल पर ही विजयी होती है। आज आप सभी बूथ कार्यकर्ता संकल्प लें कि विधान सभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाना है और लोक सभा की 29 की 29 सीटें भाजपा की झोली में डालनी है।**

********************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज रविवार को इंदौर, मध्य प्रदेश में बूथ सम्मेलन को संबोधित किया और कार्यकर्ताओं से हर बूथ पर भाजपा को विजयी बनाने के लिए कटिबद्ध भाव से काम करने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री वीडी शर्मा, पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव और राज्य सरकार में मंत्री श्री नरोत्तम मिश्रा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

श्री शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश की जनता ने 2014 के लोक सभा में भाजपा को 29 में से 27 सीटें दी, 2019 के लोक सभा में 29 में से 28 सीटें दी। साथ ही, 15-20 महीने छोड़ कर राज्य की जनता ने 2003 से लेकर लगातार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई है। मैं इस आशीर्वाद के लिए मध्य प्रदेश की जनता को नमन करता हूँ। मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव के दृष्टिकोण से आज से राज्य में बूथ सम्मेलन की शुरुआत हुई है। पहला सम्मेलन मालवा में हो रहा है। आप **भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बताता है कि 2023 में विधान सभा चुनाव और 2024 में लोक सभा चुनाव का परिणाम तय है। 2023 में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी और 2024 में भाजपा को 29 में से 29 सीटें मिलेगी।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में दुनिया में भारत की छवि बदली है और भारत एवं भारतवासियों के मान-सम्मान में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उन्होंने हर क्षेत्र में देश को आगे बढाने का काम किया है। उनके नेतृत्व में धारा 370 का उन्मूलन हुआ, आतंकवाद पर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक हुआ और अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण की शुरुआत हुई। **देवी अहिल्या बाई होलकर के बाद यदि किसी ने मंदिरों का जीर्णोद्धार किया है तो वे हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं चाहे श्रीराम मंदिर हो, चाहे महाकाल का लोक हो, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर हो या सोमनाथ दादा के मंदिर परिसर का विकास हो।**

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी गरीबों के दिल के धड़कन बने हुए हैं। **'गरीबी हटाओ' का नारा देकर कांग्रेस पार्टी ने देश में लगभग 5 दशकों से अधिक समय तक शासन किया लेकिन गरीबों के लिए कुछ भी नहीं किया। श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश के गावं, गरीब, किसान, दलित, पीड़ित, शोषित, वंचित, पिछड़े, युवा एवं महिलाओं के कल्याण के**

**लिए बहुत काम किया है। इसलिए आज आदरणीय प्रधानमंत्री जी पूरे देश में गरीबों के मसीहा के रूप में जाने जाते हैं। कमलनाथ सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि के लिए राज्य के किसानों के नाम केंद्र को नहीं भेजे। जब फिर से भाजपा की शिवराज सिंह चौहान सरकार बनी तो 10 दिनों के अंदर ही किसानों के नाम की सूची केंद्र को भेज दी गई। आज राज्य के लगभग 92 लाख किसानों को पीएम किसान समान निधि का लाभ मिल रहा है।** अब तक इस योजना के तहत मध्य प्रदेश के किसानों के एकाउंट में लगभग 19 हजार करोड़ रुपये की राशि भेजी जा सकती है। जल-जीवन मिशन के तहत प्रदेश के लगभग 60 लाख से अधिक घरों में नल से जल पहुंचाया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना के तहत राज्य के लगभग 3.60 करोड़ लोगों को लाभ मिल रहा है। मध्य प्रदेश में लगभग 80 लाख शौचालय बनाए गए हैं। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत राज्य के लगभग 1.2 करोड़ परिवारों को प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो चावल या गेहूं और एक किलो दाल मुफ्त दिया जा रहा है। उज्ज्वला योजना के तहत लगभग 11 लाख बहनों को गैस कनेक्शन दिया गया है। इसी तरह पीएम आवास योजना के तहत प्रदेश में लगभग 53 लाख घर बनाए गए। साथ ही, डीबीटी के माध्यम से मध्य प्रदेश में लाभार्थियों के एकाउंट में विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 2.25 लाख करोड़ रुपये भेजे गए हैं।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 130 करोड़ लोगों को मुफ्त वैक्सीन लगवाकर भारत को सुरक्षित करने का काम किया है। **हमारे मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने राज्य में लगभग 51 से अधिक गरीब कल्याण की योजनायें शुरू की लेकिन कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने आते ही उन सभी गरीब कल्याण योजनाओं को बंद कर दिया था।** उनसे पूछिएगा कि गरीब कल्याण की योजनायें बंद क्यों की? **कमलनाथ सरकार ने गरीबों के लिए बनी योजनाओं के पैसे बड़े-बड़े कामों के टेंडर निकलवाकर ठेकेदारों से पैसा कमाने के लिए गरीब कल्याण योजनाओं को बंद किया था। कमलनाथ सरकार ने महज डेढ़ साल के अंदर क्लास वन ऑफिसर के 18 हजार से अधिक ट्रांसफर किये।** उनके समय कोई नया उद्योग मध्य प्रदेश में नहीं आया। राज्य में जो भी उद्योग आया है, वह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी लाये हैं। **कमलनाथ जी मध्य प्रदेश में कोई उद्योग-धंधे तो ला नहीं सके लेकिन हाँ उन्होंने एक इंडस्ट्री चालू कर दी थी। वह इंडस्ट्री थी ट्रांसफर इंडस्ट्री। ट्रांसफर कराने वाले दलालों का घर भरने का काम उनकी सरकार में हुआ। श्रीमान बंटाधार के शासन को याद कराने का उद्देश्य सिर्फ यह है कि कमलनाथ सरकार ने केवल और केवल डेढ़ साल में प्रदेश का बंटाधार कर दिया।**

श्री शाह ने कहा कि **2003 से लेकर अब तक भाजपा की जितनी भी सरकारें चली, उन्होंने और बाद में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी की जोड़ी ने मध्य प्रदेश को बीमारु राज्य से निकाल कर विकसित राज्य बनाया है।** आज मालवा में हर घर में बिजली पहुंची है। सिंचाई का रकबा बढ़ा है। शिवराज सिंह सरकार गेहूं, चावल और अन्य फसल एमएसपी पर खरीद रही है। जब कांग्रेस की सरकार थी, तब ऐसा नहीं होता था। **मैं श्रीमान बंटाधार और करप्शन नाथ जी से पूछने आया हूँ कि आप मध्य प्रदेश के बजट का आकार कितना छोड़ कर गए थे? वे लोग मध्य प्रदेश का बजट केवल 23 हजार करोड़ रुपये छोड़ कर गए थे। वर्ष 2023 मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 3.24 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। सर्व शिक्षा अभियान का बजट लगभग 8 गुना बढ़ा है। एससी-एसटी और ओबीसी का बजट लगभग 60 गुना बढ़ा है। पहले इस मद में बजट केवल 1056 करोड़ रुपये था, जो आज बढ़ कर 64,390 करोड़ रुपये हो गया है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **मध्य प्रदेश का औद्योगिक विकास दर माइनस में घूमा करती थी और यदि माइनस में कुछ कम हो जाता था तो वे सीना फुलाते थे। आज औद्योगिक विकास दर 24 प्रतिशत है।** राष्ट्रीय राजमार्ग 4 हजार किलोमीटर से बढ़ कर लगभग 13 हजार किलोमीटर पहुंच गया। **कृषि विकास दर निगेटिव से बाहर निकलकर 18 प्रतिशत पर पहुंच गया है, जो समग्र देश में सबसे अधिक है। कांग्रेस की सरकार ने एमएसपी पर गेहूं की खरीदी केवल 4 लाख टन की थी जबकि शिवराज सिंह सरकार ने एमएसपी पर लगभग 70 लाख टन गेहूं की खरीद की है। कांग्रेस सरकार ने धान की खरीदी महज 95 हजार टन की थी जबकि शिवराज सिंह सरकार ने लगभग 45 लाख टन धान की खरीदी की जो कांग्रेस सरकार की तुलना में लगभग 46 गुना अधिक है।**

श्री शाह ने कहा कि पहले मध्य प्रदेश से लगभग 620 डॉक्टर बनते थे, अब 4 हजार बन रहे हैं। अब मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में भी कर सकते हैं। आईटीआई की संख्या 169 से बढ़ कर 1100 से अधिक हो गई है। मैं श्रीमान बंटाधार जी से पूछना चाहता हूँ कि 2004 से 2014 तक केन्द्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब उन्होंने मध्य प्रदेश को विकास के लिए कितना दिया? **2004 से 2014 तक कांग्रेस की सरकार ने विभिन्न मदों में मध्य प्रदेश को विकास के लिए महज 2 लाख करोड़ रुपये दिए जबकि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2014 से अब तक प्रदेश को लगभग 7.50 लाख करोड़ रुपये दिया है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश में रेलवे और राष्ट्रीय राजमार्ग में कुल मिला कर लगभग एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को कार्यान्वित किया गया है। ग्वालियर हवाई अड्डे का विस्तार, रीवा में एक नया हवाई अड्डा, जबलपुर में एक नया टर्मिनल बनाया गया है। प्रदेश में लगभग 4 हजार से अधिक तालाब बनाए गए हैं। राज्य में एक 250 मेगावाट का सोलर पार्क, एक 750 मेगावाट का सोलर पार्क और लगभग 4190 करोड़ रुपये की राशि से ग्रीनफील्ड बनाया गया है।

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार राज्य को देश का अग्रणी प्रदेश बनाएगी। **मंच पर बैठे नेता भाजपा को नहीं जिता सकते हैं। सही बात यह है कि भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं के परिश्रम के बल पर ही विजयी होती है। आज आप सभी बूथ कार्यकर्ता संकल्प लें कि 2023 के विधान सभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाना है और 2024 के लोक सभा चुनाव में 29 की 29 लोक सभा सीटें भाजपा की झोली में डालनी है।**

************************